दैनिक
नया तेवर, नया कलेवर
यशोभूमि
मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, पुणे और नाशिक से एक साथ प्रकाशित

व्यापार के लिए रणनीतिक केंद्र बना त्रिनिदाद और टोबैगो

यशोभूमि/प्रतिनिधि

मुंबई। विश्व व्यापार केंद्र मुंबई और अखिल भारतीय उद्योग संघ के संयुक्त तत्वावधान में त्रिनिदाद और टोबैगो के उच्च स्तरीय व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल के साथ एक संवादात्मक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में भारत और कैरेबियाई क्षेत्र के बीच व्यापारिक सहयोग को नई दिशा देने की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। विश्व व्यापार केंद्र मुंबई के अध्यक्ष और अखिल भारतीय उद्योग संघ के अध्यक्ष डॉ. विजय कलंत्री ने कहा कि त्रिनिदाद और टोबैगो कैरेबियाई क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण रणनीतिक केंद्र के रूप में उभर रहा है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच सहज संबंधों को अब मजबूत व्यापारिक साझेदारी में बदलने की आवश्यकता है।

व्यापारिक सहयोग को नई दिशा देने पर हुई चर्चा

व्यापार में हुई है उल्लेखनीय वृद्धि

डॉ. कलंत्री ने बताया कि भारत और त्रिनिदाद एवं टोबैगो के बीच द्विपक्षीय व्यापार लगभग 340 मिलियन डॉलर का है, जिसमें पिछले दशक में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। भारत से दवाइयां, अभियांत्रिकी उत्पाद, मशीनरी और प्लास्टिक का निर्यात होता है, जबकि आयात में खनिज ईंधन, पेट्रो–रसायन और धातुएं प्रमुख हैं, जो दोनों देशों के बीच पूरक व्यापार संरचना को दर्शाते हैं।

त्रिनिदाद और टोबैगो मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष एमिल रामकिसून ने कहा, त्रिनिदाद और टोबैगो भले ही एक छोटा देश हो, लेकिन हम कैरेबियाई क्षेत्र में व्यापार का एक महत्वपूर्ण केंद्र हैं। जो भी कंपनी इस क्षेत्र तक पहुंच बनाना चाहती है, वह हमारे माध्यम से कार्य कर सकती है। यह दौरा भारत के साथ दीर्घकालिक साझेदारी स्थापित करने की हमारी मंशा को दर्शाता है, चाहे वह आपूर्ति के लिए हो या बाजार विस्तार के लिए।

कलंत्री ने कहा कि त्रिनिदाद और टोबैगो तरलीकृत प्राकृतिक गैस और पेट्रो-रसायन क्षेत्र में एक प्रमुख निर्यातक है, जो भारत की ऊर्जा विविधता को सुदृढ़ करने में सहायक हो सकता है। इस अवसर पर वाणिज्य एवं उद्योग से जुड़े प्रतिनिधियों ने भी सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया। वक्ताओं ने कहा कि संस्थागत सहयोग, उद्योगों के बीच मजबूत संबंध और निरंतर संवाद के माध्यम से भारत और कैरेबियाई देशों के बीच व्यापार को और अधिक सुदृढ़ किया जा सकता है।

CORPORATE CONNECT
Mumbai, Friday, April 24, 2026

Trinidad & Tobago Emerges as Strategic Hub for India–Caribbean Trade

The World Trade Center Mumbai, in collaboration with the All India Association of Industries, hosted an Interactive Meeting with a high level business delegation from Trinidad & Tobago, highlighting how the bilateral strengths can be scaled to unlock wider opportunities across India and Caribbean markets.

Dr. Vijay Kalantri, Chairman, WTC Mumbai and President, All India Association of Industries, emphasized that Trinidad & Tobago serves as a strategic gateway to the Caribbean region. He stated, "We are at home on both sides, and this shared comfort must translate into stronger trade linkages. Trinidad & Tobago's strengths can be scaled across Caribbean economies, creating a multiplier effect for Indian enterprises. At the same time, Trinidad & Tobago plays a vital role as a key LNG and petrochemical exporter in the Caribbean, with strong potential to contribute to India's energy diversification and strengthen the resilience of the bilateral trade relationship" "The bilateral trade between India and Trinidad & Tobago, currently estimated at around USD 340 million has evolved significantly over the past decade, particularly in manufacturing and industrial collaboration. India's exports include pharmaceuticals, engineering goods, machinery, and plastics, while imports are led by mineral fuels, petrochemicals, and metals, underlining a complementary trade structure." Added Dr. Kalantri.

Mr. Naveen Seth, Deputy Secretary General, PHD Chamber of Commerce and Industry, emphasized that, "the importance of institutional cooperation, stronger industry linkages, and sustained engagement to deepen trade between India and the Caribbean region.